उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपा

रूपवास । क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने खदानों में से निकाले जा रहे पानी को खेतों में आने से रोकने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया गया है कि गांव पहाडपुर में स्थित खदानों लीज नंबर 14, 11, 43, 4, 7, 8 से पम्प व अन्य साधनों से पानी की निकासी हो रही है। अगर उक्त लीजों में से पानी निकाला जाता है तो उसका पानी तिघर्रा, बंसी पहाडपुर, धाना खेडली, नगला खार, जटमासी, विनऊआ, नगला पहलवार, दौरदा,बिर्रुआ, समाहद, नगला समाहद, सज्जनवास के किसानों की रेवन्यू लेंड में होते हुए गंभीर नदी में मिलेगा क्योंकि वर्तमान में कृषि की बुवाई होनी है और उक्त सभी गाँव के लोगों ने अपने अपने खेतों को लागात लगाकर कृषि के लिए तैयार कर लिया है। अगर उक्त लीजों में पानी की निकासी की जाती है तो उक्त सभी ग्राम वासियों के खेतों में होने वाली फसल खत्म हो जायेगी तथा लीज के पानी में मिटटी व डस्ट के आने से खेतों की उर्वरा शक्ति कम हो जायेगी तथा खेत हमेशा के लिए बंजर हो जायेगें। जिससे समस्त ग्राम वासियों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ेगा तथा बुखमरी जैसी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ेगा। समस्त ग्रामवासी अपनी आजीविका अपनी कृषि से ही चलाते हैं। इसी तरह पिछले वर्ष भी लीज होल्डरों ने लीजों से पानी निकलवाया था।

'भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम के सिंद्धात पर कार्य करने वाली पार्टी है'

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान की समीक्षात्मक बैठक प्रदेश महामंत्री राजस्थान एवं पूर्व सांसद सन्तोश अहलावत एवं जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता में आमत्रिंत की गयी। कार्यक्रम को संवोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सन्तोष अहलावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम के सिंद्धात पर कार्य करने वाली पार्टी है आज पूरे राजस्थान में जिस तरह से युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गो में सदस्यता को ग्रहण करने का उत्साह देख रहे है। इससे यह प्रतीत होता है कि हम केन्द्र द्वारा निर्धारित किये गये 1 करोड़ के लक्ष्य को पार करेंगे ही करेंगे। बल्कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का प्रयास है कि हम पार्टी के सभी लक्ष्यों को सवा गुना करके भेजते है। इसी क्रम में राजस्थान से सदस्य भी 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बनाये जायेगे। पार्टी कार्यकर्ता तन-मन से सदस्यता अभियान में एकजुट होकर भाग ले रहा है। भरतपुर पर चर्चा करते हुए कहा कि भरतपुर में अब तक अनूठा काम हुआ है। कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह है तथा सर्वाधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर आज भरतपुर ने अनुठा प्रयास एवं

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान की समीक्षात्मक बैठक हुई।

कार्यकर्ताओं को संबंल प्रदान किया है। उनमें नयी उर्जा, नयी शक्ति का संचरण कार्यकर्ताओं में हुआ है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज द्वारा सदस्यता अभियान की विस्तरित रिपोर्ट पेश कर अवगत कराया कि यह सदस्यता अभियान 4 सितम्बर से प्रारम्भ हुआ और अब तक प्रत्येक मण्डल द्वारा निर्धारित लक्ष्य के करीब प्राप्त कर लिया गया है तथा अब तक करीब 1 लाख 11 हजार 767 सदस्य बनाये जा चुके है तथा उन्होने कहा कि उक्त सदस्यता 6 वर्ष के लिए पार्टी द्वारा दी जाती है। कोई भी आमजन जोकि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा में विष्वास रखता है तथा उनकी जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित है वह स्वेक्षा से भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बन सकता है। इस मौके पर 10 ऐसे कार्यकर्ताओं को जिनके द्वारा सर्वाधिक सदस्य बनाये गये है उनको शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी, गोवर्धन सिंह जादौन, शैलेश कौषिक, सत्येन्द्र , गिरधारी गुप्ता, उपाध्यक्ष योगेन्द्र राजू कटारा, श्याम सुन्दर गौड़, बृजेश , गोविन्द चौधरी, मोनिका जैन, मनोज खण्डेलवाल, मोहन रारह, कुशलपाल सिंह राजावत, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एनीमिया जांच शिविर लगाया

हिंडौन सिटी। भारत विकास परिषद,शाखा विवेकानंद द्वारा एनीमिया जांच शिविर मोहन नगर स्थित बालिका विद्यालय में लगाया गया। इकाई महिला समन्वयक नीलम मित्तल एवं सहसमन्वयक ममता मित्तल ने बताया कि परिषद के संस्कृति सप्ताह अंतर्गत चतुर्थ कार्यक्रम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोहन नगर के कक्षा09, 10 ,11 एवम 12 में अध्यनरत बालिकाओं की एनीमिया जांच की गई । शाखा सचिव डॉक्टर आनंद अग्रवाल ने बताया कि एनीमिया जांच शिविर में डॉक्टर मनोज जैन द्वारा संचालित गौतम डायग्नोस्टिक एवं इमेजिंग सेंटर द्वारा निशुल्क सेवाएं प्रदान की गई । कार्यक्रम का शुभारंभ सीमा जादौन प्राचार्य ,राजकीय विद्यालय एवं शाखा अध्यक्ष मनीष आर्य द्वारा परिषद ध्येयपुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्रपट एवं मां भारती के चरणों में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रकल्प प्रभारी डॉक्टर सत्येंद्र सिंह भदौरिया द्वारा बालिकाओं को एनीमिया होने, बचाव एवं उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए स्वयं के संतुलित आहार पर विशेष ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। एनीमिया से ग्रसित वाले बालिकाओ के अभिभावकों तक सूचना विद्यालय के माध्यम से पहुंचाई जाएगी। कार्यक्रम में मन्च संचालन शाखा अध्यक्ष मनीष आर्य द्वारा किया गया।शिविर में परिषदीय मातृशक्ति उपाध्यक्ष रजनी गुप्ता, मोनिका इत्यादि परिषद सदस्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

कलेक्टर ने किया निरीक्षण

सफाई व्यवस्था का निरिक्षण करते जिला कलेक्टर।

गंगापुर सिटी । स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला कलेक्टर ने सोमवार को शहर का दौरा कर साफ सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सालौदा मोड और जिला अस्पताल के बाहर मौजूद कचरा पॉइंट की भी जांच की। जिला कलेक्टर ने बताया कि क्लीनलीनेस लक्ष्य इकाई के तहत चिह्नित जिला अस्पताल के बाहर मौजूद कचरा पॉइंट से कचरे का निस्तारण कर दिया गया है। जिसके लिए नगर परिषद की स्वच्छता टीम को प्रोत्साहित किया गया। वहां रहने वाले एवं उपस्थित लोगों ने जिला कलेक्टर एवं स्वच्छता टीम के लिए खुशी जाहिर की। जिला कलेक्टर ने निस्तारित कचरे पॉइंट पर किसी को भी पुनः कचरा नहीं फेंकने देने, फूल-गमले आदि लगाकर सौन्दर्यीकरण कर जिला प्रशासन एवं नगर परिषद की स्वच्छता टीम का सहयोग करने की आमजन से अपील की। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सलौदा मोड पर निरीक्षण में ऑटो टिपर में कचरा पाया और उचित तरीके से कचरा निस्तारित नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। वहीं, शेष रहे क्लीनलीनेस लक्ष्य इकाइयों की समयबद्ध साफ-सफाई सुनिश्चित कर निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश नगर परिषद के अधिकारियों को दिए।

विहिप-बजरंग दल ने दिया ज्ञापन

हिंडौन सिटी । विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से सोमवार को मंदिरों में वितरित होने वाले प्रसाद वितरण की शुद्धता और मंदिरों में सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार शिवन्या गुप्ता को दिया। परिषद के सौरभ शुक्ला व भारत सोलंकी ने बताया कि हाल ही तिरुपति बालाजी मंदिर के महाप्रसाद में मिलावट का मामला उजागर होने से करोड़ों हिंदुओं की आस्था को आघात पहुंचा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की ओर मंदिरों में चढ़ावा के रूप में अर्पित धनराशि के दुरुपयोग होने की भी कई मामले आ चुके है। ज्ञापन में बताया कि स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी हिंदुओं को अपने मंदिरों के संचालन करने की स्वतंत्र अधिकार नहीं है। विश्व हिंदू परिषद् के जिला मंत्री सौरभ शुक्ला ने बताया कि तिरुपति बालाजी मंदिर तीर्थ का संचालन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित बोर्ड के द्वारा होता है। यहां महाप्रसाद बनाने के मामले में हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ किया गया। इसी के साथ धर्मांतरण रोकने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार को उनके द्वारा नियंत्रित सभी हिंदू मंदिर अविलंब मुक्त करके हिंदू संतो व भक्तों को एक निश्चित व्यवस्था के अन्तर्गत सौंपा जाए। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज तहसील अध्यक्ष अशोक शर्मा, मुकेश काका, गीता बेनीवाल, संदीप बेनीवाल, राजेन्द्र जांगिड़, हार्दिक गुप्ता, यश शर्मा, राम पंडा, रघुराज सोलंकी, पुष्पेंद्र चौधरी समेत काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धरना प्रदर्शन जारी

करौली ग्राम विकास अधिकारी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक जिले कि प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर 2 अक्टूबर तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा उसके बाद 3 अक्टूबर से सभी पंचायत मुख्यालय के ग्राम विकास अधिकारी जिला कलेक्ट्रेट पर धरना देने की चेतावनी दी है ज्ञात रहे पंचायत समिति महावीर जी की ग्राम पंचायत अलीपुरा के ग्राम विकास अधिकारी की राजकीय दायित्व के क्रियान्वयन के दौरान एक व्यक्ति उदयराज मीणा निवासी सिकंदरपुर ग्राम विकास अधिकारी आनंद सिंह को रोककर मारपीट की एवं राजकीय दस्तावेज छीनकर फाड़कर नष्ट कर दिए जो घटना गत 10 सितंबर 2024 की है इस दौरान से जिले भर की पंचायत समितियां के ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा पंचायत मुख्यालयों पर लगातार और उप जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर इधर जिला मुख्यालय पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पेश कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन घटना के 20 दिन बात भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है जिसको लेकर जिले भर के ग्राम विकास अधिकारियों में आक्रोश है और उन्होंने आज जिले भर पंचायत समिति मुख्यालय पर धरना शुरू कर दिया जो लगातार 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा इधर आज जिला मुख्यालय पर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी मंच जिला करौली के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी नेम सिंह मीणा करौली ब्लॉक के अध्यक्ष सहित संघ के पदाधिकारी श्याम सुंदर शर्मा भीम सिंह आदि ने नवनियुक्त जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा को ज्ञापन सौंप कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई तो आगामी 2 अक्टूबर कि प्रत्येक ग्राम पंचायत पर आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं का बहिष्कार करेंगे और 3 अक्टूबर से जिले भर के ग्राम विकास अधिकारी जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

विशाल डांडिया उत्सव का आयोजन

भरतपुर (निस)। अनंत महिला शक्ति भरतपुर द्वारा होटल सन एण्ड राइज में विशाल डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें भरतपुर लोकसभा सांसद संजना जाटव मुख्य अतिथि रही। अनंत महिला शक्ति अध्यक्ष पूनम चौधरी ने बताया कि सांसद संजना जाटव ने गरवा नृत्य कर कार्यक्रम की शोभा बढायी। इस महोत्सव में डांडिया नृत्य अपर केटेगरी में निर्मला सिंह तथा लोअर केटेगरी में वर्षा चाहर प्रथम रही। अनंत ब्यूटी क्वीन प्रिया गुप्ता चुनी गयी। इसमें लक्की ड्रॉ सहित कई रोचक प्रतियोगिताऐ रखी गयी। सांसद संजना जाटव ने अनंत महिला शक्ति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि देश के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए महिला सशक्तीकरण की आवष्यकता है। कार्यक्रम की शुरूआत में सांसद संजना जाटव का भव्य स्वागत किया गया। महाराजा जवाहर सिंह समिति ने सुधीर पाल सिंह के नेतृत्व में साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

आचार्या बहनों का दीक्षा वर्ग संपन्न

भरतपुर(निस)। विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग द्वारा संचालित संस्कारशाला की आचार्योओं का मासिक दक्षता वर्ग उद्योगपति मनीष नमकीन वाले के मुख्य आतिथ्य एवं विहिप के विभाग मंत्री सिद्धार्थ फौजदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विहिप के प्रान्त सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल ने कहा कि बच्चों में संस्कार युक्त शिक्षा के साथ महापुरुषों के प्रति सम्मान का भाव जगाना हमारा मूल उद्देश्य है। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रयास से मलिन बस्तियों के बच्चों को संस्कारशालाओं से मिल रहा नवजीवन का वरदान। उन्होंने कहा कि 2 घंटे की संस्कारशाला में खेलकूद की गतिविधि से बच्चे आकर्षित होते हैं, इसलिए नए-नए खेल और पठन-पाठन से उनकी अभिरुचि को बनाए रखना होगा। सप्ताह में एक दिन बच्चों के अभिभावकों से भी मिलन करना जरूरी है ताकि बच्चों को मिल रहे फायदा का अनुमान भी लगाया जा सके। संस्कारशाला में सामाजिक समरसता के बिंदु पर भी चर्चा होनी चाहिए। बैठक में शहर सेवा प्रमुख लक्ष्मण प्रसाद शर्मा ने कहा कि 1 अक्टूबर से 3 नई संस्कारशाला जाटव बस्ती जसवंत नगर, धीमर बस्ती बीनारायन गेट एवं कुम्हार बस्ती कोडियान मौहल्ला में प्रारम्भ की जावेंगी। माह अक्टूबर में हीसभी संस्कारशालाओं में दुर्गा अष्टमी के कार्यक्रम आयोजित किये जावेंगे। सह सेवा प्रमुख सागर चतुर्वेदी ने बताया कि उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर केशव नगर में स्थित महाराजा सूरजमल कौशल प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई एवं कम्प्यूटर केन्द्र पर विजयदशमी के दिन से प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जावेगा।

जिला स्तरीय बाल संरक्षण पदाधिकारियों की आमुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

करौली । ज़िला प्रशासन, ज़िला बाल संरक्षण इकाई, महिला अधिकारिता विभाग, श्रम विभाग एवं एक्शनएड-यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय बाल संरक्षण पदाधिकारियों की आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर राजवीर सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक आशीष बंसल ने बताया है कि जिला प्रशासन एवं एक्शनएड-यूनिसेफ करौली द्वारा जिले में बाल श्रम, बाल विवाह रोकथाम, लैंगिग भेदभाव, बाल संरक्षण किशोरी सशक्तिकरण व बालिका शिक्षा को ओर अधिक प्रोत्साहन के लिए तैयार की गई ज़िला स्तरीय विशिष्ट कार्ययोजना का अनुमोदन एवं बाल हितैषी ग्राम पंचायतों के लक्ष्य प्राप्ति पर चर्चा की गई। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व साझा अभियान बाल विवाह रोकथाम तथा बाल श्रम रोकथाम की ज़िला स्तरीय टास्क फोर्स सदस्यों एवं बाल संरक्षण पदाधिकारियों, हितधारकों की आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्रम निरीक्षक माधव गोस्वामी ने ज़िले मे बाल श्रम की स्थिति को बताते हुए कहा कि बाल श्रम रोकथाम हेतु जागरूकता बहुत महत्वपूर्ण है। कार्ययोजना अनुसार सामाजिक चेतना साथ-साथ त्रैमासिक स्तर पर रेस्क्यू अभियान भी चलाये जायेंगें। मुख्य ज़िला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवड़ी ने ड्रॉपआउट और अनामाकित बच्चों को राजकीय विद्यालयों से व बालिकाओं को शिक्षा सेतु योजना के माध्यम से शिक्षा से जोड़ने व बाल विवाह रोकथाम के लिये कार्ययोजन अनुसार अभियान चलाने की बात कहीं कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने करौली ज़िले में बाल विवाह व बाल श्रम के संबंध में आंकड़ों की जानकारी देते हुए बाल श्रम व बाल विवाह रोकथाम, बाल संरक्षण किशोरी सशक्तिकरण व बालिका शिक्षा हेतु सहित ज़िला विशिष्ट कार्ययोजना एवं चिंहित बाल हितैषी ग्राम पंचायतों एवं निर्धारित लक्ष्यो के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए संबंधित विभागों के साथ इस कार्य को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जिलें में विभागों के साथ अब तक की गई गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सभी विभागों को बाल संरक्षण को लेकर आगे आकर कार्य कर जिलें को बाल संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की बात कहीं। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने जिला स्तरीय विशिष्ट कार्य योजना के अनुसार कार्य कर जिलें में बालश्रम, बाल विवाह की रोकथाम के साथ बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल ने सभी से जिला कार्य योजना एवं बाल हितैषी ग्राम पंचायतों के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग दिलाने की बात की

विधायक ने पोषण मेला का किया उद्घाटन

भरतपुर (निस)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सप्तम राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन अग्रसेन धर्मशाला बयाना में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपबास बयाना विधायक डॉ ऋतु बनावत रही। इनके द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रजुवलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई।

इस अवसर पर पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा पांच बच्चो का अन्नप्रासन विधायक ऋतु बनावट के द्वारा किया गया। आंगनवाड़ी पर की जा रही पोषण गतिविधियों व पोषाहार से बनी रेसिपी की प्रदर्शनी लगाई गई। इसी क्रम में सेवानिवृत्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान शाल उड़ा कर विभाग को दिए गए योगदान के लिए किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ ऋतु बनावत द्वारा दिए गए उद्बोधन में बताया गया कि स्वास्थय समाज के लिए महिलाओं व बच्चो का स्वास्थय होना अतिआवश्यक है। जिसके लिए सतरंगी पोषाहार युक्त अन्न काम में लेना चाहिए।

ताकि उचित पोषण मिल सके। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभाग में दिए गए योगदान के बदले मानदेय कम दिया जा रहा है।

इस संबंध में राज्य सरकार के सम्मुख अवगत कराऊंगी कि कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया जाए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से लगन से काम करने व विधानसभा क्षेत्र में उनको विधायक बनवाने में मुख्य भूमिका निभाने में दिए गए योगदान के लिए आभार व्यक्त। सीडीपीओ जितेंद्र जिंदल द्वारा बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विभाग की मुख्य धुरी है। अतः वह समस्त लाभार्थी वर्ग को अपनी सेवाएं नियमनुसार प्रदान करें।

शिविर आज

भरतपुर (निस)। महाराजा अग्रसेन जयंति महोत्सव के पावन अवसर पर अग्रवाल सभा द्वारा अग्रवाल भवन खिरनी घाट पर महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में 1 अक्टूबर मंगलवार को सुवह 9 बजे से 2 बजे तक एक विशाल मेडीकल शिविर लगाया जा रहा है। सह संयोजक मोहन मित्तल एवं अग्रवाल सभा के महामंत्री विनोद सिंघल ने बताया कि शिविर में फिजिशियन, हड्डीरोग, होम्योपैथी, फिजियोथेरेपी एवं नेत्र रोगियों की जांच एवं निदान कर निशुल्क दवाईयां वितरित की जावेंगी, शिविर में वरिष्ठ डाक्टर अपनी सेवाएँ देंगे। कार्यक्रम के अतिथि डॉ. गोरव कपूर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रामकुमार गुप्ता वृज हनी एवं मनोज जिंदल चेयरमैन राष्ट्रीय युवा अग्रवाल सम्मेलन नई दिल्ली होंगे।

समीक्षा बैठक आयोजित

करौली । भारतीय जनता पार्टी जिला करौली की जिला संगठन आत्मक बैठक आज करौली जिले के सेवाओं का पैराडाइज में आयोजित की गई इस बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा की गई। मुख्य वक्ता भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज जी मीणा रहे। प्रदेश सदस्यता अभियान के प्रभारी राकेश फौजदार जी ने ली समीक्षा बैठक, इस बैठक में भरतपुर संभाग के प्रभारी श्री हेमराज जी मीणा, जिला संगठन प्रभारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शिव कुमार सैनी, नि वर्तमान जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अशोक सिंह धावाई, हिण्डौन पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, करौली धौलपुर लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती इंदु देवी जाटव, ऐसी मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती अंजू जाटव, मंच पर मौजूद रहे।मंच संचालन जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह बैंसला ने किया।

पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, पहलाद सिंगल, महेंद्र मीणा , जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह बैंसला, हरि सिंह बेरवा गजेंद्र सिंह जादौन, सुरेश शुक्ला , दिलीप गुप्ता, उत्तम सिंह जादौन, अर्जुन सिंह धावाइभी सदस्यता अभियान को लेकर बताया भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी ने मंडल अध्यक्षों से 1 1 की सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा। मंडल अध्यक्षों को सदस्यता अभियान को लेकर दी गई हिदायत कार्य करना होगा समय पर प्रत्येक दिन की रिपोर्ट संगठन को देनी होगी , करौली जिले के सभी मंडल अध्यक्षों को अपने-अपने लक्ष्य पूर्ण करने की दी।

प्रजापति समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

धौलपुर। धौलपुर में प्रजापति समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न,अब ढिढौरा करौली में 13 अक्तूबर को सम्मानित होगी प्रतिभाएं दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर ठेकेदार ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापति सेवा संस्थान धौलपुर द्वारा हिना मैरिज गार्डन धौलपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत की,कार्यक्रम की अध्यक्षता जगमोहन बंडोलिया प्रांत अध्यक्षता अंतराष्ट्रीय हिंदु परिषद जयपुर रहे,कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित करते हुए चित्र पटल पर माल्यार्पण कर किया,अतिथि के रूप में भारतपुर से मिट्ठान्न लाल कैप्टन,डॉक्टर करणसिंह अध्यक्ष रूपवास,आगरा से खुशी राम गोला,नवीन कुमार गोला,करौली से छीतर लाल प्रजापति संयोजक,गंगाराम प्रजापति सचिव,राजपाल प्रजापति हिंडौन प्राध्यापक,हेमराज प्रजापति,रमेश प्रजापत,बाबूलाल प्रजापति,आदि का आयोजक मंडल जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल प्रजापति बाड़ी ,विशम्वर दयाल उपाध्याय,नेकराम हवालदार शैक्षिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष,रामभरोसी लाल अध्यक्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति धौलपुर,रमाकांत लेखाधिकारी,अशोक कुमार,पृथ्वीसिंह अध्यापक विजयठेकेदार,बबलू राजौर ,श्रीनिवास पिपहेला,मांगी लाल प्रजापति धौलपुर ने अतिथियों का माला साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया,मंच संचालन वदन सिंह सेवानिवृत प्रधानाध्यपक,एवं सुआ लाल प्रजापति व्याख्याता ने किया,प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाणपत्र, बैग देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों 150 प्रतिभाएं सम्मानित हुई ,प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामेश्वर ठेकेदार ने कहा कि विकास के लिए शिक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है,ये शेरनी का दूध है जो पीता है वह दहाड़ता है, हमे समाज में देहेज, मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओ को छोड़कर नशे को जीवन में नही अपनाना है,ज्यादा से ज्यादा मेहनत कर अपना लक्ष्य अर्जित करना है,समाज की एकता पर जोर देते हुए समाज की राजनैतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया,करौली जिले के ढिढौरा (सूरोठ) में 13 अक्तूबर को पांच जिलों की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है,प्रतिभाएं अपना 7 अक्तूबर तक रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करे,सम्मानित होने वालो में जिनमे 3नवनियुक्त कार्मिकों में दो शिक्षको जूली प्रजापति पुत्री मेघसिंह वाडी, मनीष कुमार पुत्र मेघसिंह सायपुरा धौलपुर,तथा हरेंद्र सिंह पुत्र दीवान सिंह खिल्ली मानिया सीएचओ को सम्मानित किया,एक छात्र कन्हैया लाल प्रजापति पुत्र पृथ्वी राज सिंह टहरी धौलपुर का एमबीबीएस में चयन होने पर,तथा देवेश पुत्र मुरारी लाल वाडी धौलपुर का बीएससी नर्सिंगसम्मानित किया।

भारत को जानो नगर स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न

गंगापुर सिटी में प्रतियोगिता में मंचासिन अतिथी।

गंगापुर सिटी।(निसं)। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा गंगापुर सिटी द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का नगर स्तर प्रश्न मंच प्रतियोगिता मित्तल आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई। शाखा सचिव रामदयाल मीना ने बताया कि भारत विकास परिषद मुख्य शाखा गंगापुर सिटी द्वारा शनिवार को भारत को जानो प्रतियोगिता का नगर स्तरीय प्रश्न मंच मित्तल आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में किशनपाल सिंह जादौन प्रांतीय परिवार संस्कार, विजेन्द्र सिंह मीना प्रधानाचार्य बिछोछ, डाक्टर धर्मेंद्र कुमार मित्तल प्रांतीय भारत को जानो प्रतियोगिता प्रकल्प प्रभारी, श्रीमती स्वाती शर्मा प्रांतीय बाल संस्कार प्रभारी के सान्निध्य में संपन्न कराया गया। मंच संचालन अरविंद खंडेलवाल शाखा उपाध्यक्ष ने किया। प्रश्न मंच संयोगी टीम संजेश अग्रवाल, भूपेश गुप्ता, देवेन्द्र आर्य, मनोज गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता रहे।

भारत को जानो प्रतियोगिता प्रभारी राजेश गुप्ता ने बताया कि शहरी क्षैत्र के कुल 17 विद्यालयों की टीमों द्वारा भाग लिया गया। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर गुढाचंद्रजी स्कूल के विद्यार्थी रहे। द्वितीय स्थान पर पैराडाइज संस्कार विद्यालय गंगापुर सिटी, तृतीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डिबस्या रहा। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नौगांव, उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर गुढाचंद्रजी और तृतीय स्थान डी एस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी गंगापुर सिटी के विद्यार्थी रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले संस्था प्रधानों और विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर आने वाली कनिष्ठ टीम उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर गुढाचंद्रजी और वरिष्ठ वर्ग में राउमावि नौ गांव 13 अक्टूबर 2024 को भुसावर में प्रांत स्तरीय होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी।

प्रतियोगिता आयोजन

करौली अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज करौली द्वारा आज विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जहां प्रतिभागियों ने कुर्सी के लिए दौड़ लगाई तो जलेबी के लिए की उछलकूद। अग्रवाल समाज करौली के महामंत्री मुकेश गुप्ता में वाले ने बताया कि अग्रसेन महोत्सव गुप्ता ने किया।

कार्यालय नगरपरिषद करौली (राज0)

Phone no. 07464-294024 Email id np.karauli@yahoo.com

क्रमांकः 2121 दिनांकः 27.09.2024

ई - निविदा सूचना

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली मय डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड (कार्य दोष निवारण अवधि) के शहर करौली के नगरपरिषद क्षेत्र करौली में परकोटा अन्दर व परकोटा बाहर समुचित व सुचारू विद्युत व्यवस्था हेतु वार्षिक कार्य अनुबन्ध पर (ARC) निम्न कार्य कराना चाहती हैं, जिस हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-टैण्डरिंग के माध्यमसे ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्ते www.sppp.raj.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कुल निविदा कार्य	परकोटा अन्दर एलईडी0 लाईट व फेज बायर कार्य	परकोटा बाहर एलईडी0 लाईट व फेज बायर कार्य
निविदा की लागत	46.13 लाख	49.84 लाख
धरोहर राशि	अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक (आयुक्त नगरपरिषद करौली के नाम से जरिये डी0डी0)	
ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने /डाउनलोड की तारीख	01.10.2024 समय 2:00 पीएम से 12.10.2024 समय 6:00 पीएम तक	